कोविड-19 से लड़ाई

पैटन ने लांच किया कंटैक्टलेस सेफवाश स्टेशन

कोलकाता, 30 जुलाई (निप्र.)। समुदाय में एक अंतर लाना पैटन ग्रुप के मूल्यों का एक अनिवार्य हिस्सा है। पैटन ने कोविड-19 से लड़ने के लिए कदम बढ़ाया है और इसके लिए एक स्वच्छ हाथ धोने के एक उत्पाद-कंटैक्टलेस सेफ वाश स्टेशन लांच किया है। बताया गया कि इस भूमंडलीय महामारी में हाथ धोने के लिए एक सक्षम, सुरक्षित, कम लागत के समाधान की आवश्यकता को देखते हुए पैटन ने एक सुरक्षा पहल के रूप में कंटैक्टलेस सुरक्षित वॉश स्टेशन डिजाइन, विकास करने का निर्णय किया। यह उत्पाद है हैंड्स-फ्री, पांव से संचालित मजबूत, टिकाऊ और कम्पैक्ट। इसका परिचालन और इसकी देख रेख आसानी से होती है। यह आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक, मेडिकल और सार्वजनिक स्थानों के लिए उपयुक्त है। अनेक प्रोटोटाइप्स के परीक्षण के बाद पहले मॉडल के दो प्रकारों को लांच किया गया। एक है 200 लीटर टैंक क्षमता का रेगुलर सिंगल बेसिन और दूसरा 500 लीटर टैंक क्षमता का अल्ट्रा सिंगल बेसिन। इनकी भारी सकारात्मक मांग को देखते हुए आगे आर एंड डी से एक दूसरा डिजाइन तैयार हुआ। वह है ऐसी जगहों को स्वच्छ करना जहां बड़ी सख्या में लोग आते हैं। यह एक सुरक्षित और सक्षम हैंडवाशिंग दोनों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। यह है मॉडल-कॉन्टैक्टलेस सेफ वाश स्टेशन 2.0 डीलक्स डूयल-इसका दो फोल्डेबल बेसिन है जो दो लोगों को सुरक्षित और एक साथ अपने हाथ धोने का प्रबंध करता है। अगली पीढ़ी की नेतृ प्रीयम बुधिया (अध्यक्ष-व्यापार विकास, पैटन ग्रुप) ने इस परियोजना में प्रमुख भूमिका निभायी है।

बताया गया कि सभी मॉडल के लिए 200 लीटर टैंक प्रति रीफिल के अनुसार 350 हैंड वॉश और 500 लीटर टैंक से प्रति रीफिल के अनुसार 750 हैंडवाश किया जा सकता है। काले, नीले और हरे में उपलब्ध है। वाटर टैंक 100% वर्जिन फूड ग्रेड प्लास्टिक का बना है। स्टैंड जंगरोधी है।

PATTON®